# अध्याय - 1 पालमपुर गांव की कहानी

## पाठ के मुख्य बिन्दु

- पालमपुर गांव में कृषि ही प्रमुख उत्पादन प्रक्रिया है। गांव में 450 परिवार रहते हैं। 150 परिवारों के पास खेती के लिए भूमि नहीं है। बाकी परिवारों के पास दो हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले छोटे भूमि के टुकड़े हैं।
- पालमपुर से निकट कस्बा रायगंज है जो 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।
- गांव की कुल जनसंख्या का एक तिहाई भाग दलित या अनुसूचित जातियां हैं।
- गांव में ज्यादातर भूमि के स्वामी उच्च जाति के 80 परिवार रहते हैं।
- वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए चार चीज़ आवश्यक होती हैं -भूमि, श्रम, भौतिक पूंजी एवं मानव पूंजी।
- भारत में ऋतुओं को मुख्यतः तीन भागों में बांटा गया है। वर्षा ऋतु (खरीफ फसल) जिसकी अवधि जुलाई से अक्टूबर तक रहता है। इसमें ज्वार, बाजरा, चावल, कपास, गन्ना आदि बोई जाती है।
- शरद ऋतु (रबी फसल) जिसकी अवधि अक्टूबर से मार्च तक रहता है। इसमें मुख्यतः गेहूं, सरसों, दालें, आलू, चना आदि उगाया जाता है।
- ग्रीष्म ऋतु (जायद फसल) इसकी अवधि मार्च से जून है। इसमें तरबूज, खीरा, फलियां आदि उगाई जाती है।
- एक ही भूमि के टुकड़े से अधिक अनाज का उत्पादन करने की विधि को बहुविध फसल प्रणाली कहते हैं।
- हरित क्रांति उदय 1960 के दशक में हुआ। जिसमें भारतीय कृषकों ने अधिक उपज वाले बीजों (HYV) के द्वारा गेहूं और चावल की खेती में वृद्धि की।
- बिजली के विस्तार से सिंचाई व्यवस्था में काफी सुधार हुआ। परिणाम स्वरुप किसान दोनों रबी और खरीफ की फसलों का उत्पादन करते हैं।
- पालमपुर गांव में भूमिहीन किसान दैनिक मजदूरी पर काम करने के लिए मजबूर हैं। उन्हें अपने लिए प्रतिदिन काम ढूंढते रहना पड़ता है।
- पालमपुर गांव में दो प्राथमिक विद्यालय और एक हाई स्कूल है। गांव में एक राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक निजी औषधालय भी है ।
- पालमपुर गांव में 75 प्रतिशत लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर है।
- भारत में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसानों ने खेती की आधुनिक तरीकों का सबसे पहले प्रयोग किया।
- भूमि एक प्राकृतिक संसाधन है इसलिए इसका सावधानी पूर्वक प्रयोग करना चाहिए। अधिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता शक्ति भी खत्म हो जाती है।
- कृषि उपज का वह भाग जो किसानों द्वारा बाजारों में बेच दिया जाता है अधिशेष कहलाता है

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. उत्पादन की पहली आवश्यकता क्या है?**
a. श्रम b. भूमि
c. भौतिक पूंजी d. मानव पूंजी

**2. स्थाई पूंजी और कार्यशील पूंजी किसके स्रोत हैं?**
a. भौतिक पूंजी b. मानव पूंजी
c. दोनों d. इनमें से कोई नहीं।

**3. पालमपुर में गैर कृषि क्रियाएं हैं-**
a. परिवहन b. दुकानदारी
c. लघु विनिर्माण d. उपरोक्त सभी।

**4. भूमि मापने की मानक इकाई क्या है?**
a. मीटर b. नाली
c. मुट्ठी d. हेक्टेयर

**5. भूमि क्या है?**
a. प्राकृतिक संसाधन b. मानवीय संसाधन
c. औद्योगिक संसाधन d. पूंजीगत संसाधन

**6. भारत में हरित क्रांति का उदय कब हुआ?**
a. 1950 ई. b. 1960 ई.
c. 1970 ई. d. 1980 ई.

**7. हरित क्रांति के दौरान किस फसल पर अधिक जोर दिया गया?**
a. गेहूं एवं चावल b. गेहूं एवं चना
c. गेहूं तथा मक्का d. इनमें से कोई नहीं।

**8. औजार, भवन, मशीन उदाहरण है-**
a. मानव पूंजी b. स्थाई पूंजी
c. अस्थाई पूंजी d. इनमें से कोई नहीं ।

**9. पालमपुर में मुख्य क्रिया क्या है?**
a. डेयरी b. विनिर्माण
c. खेती d. परिवहन

**10. पालमपुर गांव में विभिन्न जातियों के कितने परिवार रहते हैं?**
a. 250 b. 450
c. 100 d. 400

**11. पालमपुर में उच्च जाति के कितने परिवार रहते हैं?**

a. 80 b. 70
b. 50 d. 90

**12. पालमपुर से निकटतम कस्बा कौन सा है?**

a. दुर्गापुर b. रायगंज
c. शाहपुर d. मायापुर

**13. रायगंज पालमपुर से कितने किलोमीटर की दूरी पर है?**

a. 4 कि.मी. b. 3 कि.मी.
c. 5 कि.मी. d. 6 कि.मी.

**14. पालमपुर में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या गांव की कुल जनसंख्या का कितना तिहाई है?**

a. एक तिहाई b. पांच तिहाई
c. आठ तिहाई। d. दो तिहाई

**15. पालमपुर में कितने प्राथमिक विद्यालय हैं?**

a. दो b. पांच
c. चार d. आठ

**16. पालमपुर में कितने हाई स्कूल हैं?**

a. एक b. दो
c. तीन d. चार

**17. इनमें से कौन एक स्थाई पूंजी है?**

a. मुद्रा b. कच्चा माल
c. यंत्र। d. उपरोक्त सभी।

**18. इनमें कौन एक गैर कृषि कार्य नहीं है?**

a. दुकानदारी b. फसले उगाना
c. परिवहन d. डेयरी

**19. उत्पादन के संगठन की दूसरी आवश्यकता क्या है?**

a. भूमि b. श्रम
c. भौतिक पूंजी। d. कार्यशील पूंजी

**20. छोटे किसान किसे कहते हैं?**

a. जो खेत में रहते हैं।
b. जो अपने परिवार के साथ रहते हैं।
c. जो अपने परिवार के साथ अपने खेतों में स्वयं काम करते हैं।
d. इनमें से कोई नहीं।

**21. पालमपुर का मुख्य व्यवसाय क्या है?**

a. खेती करना b. मुद्रा जमा करना
c. कृषि d. फसल उगाना

**22. उत्पादन का उद्देश्य क्या है?**

a. वस्तुएं उपलब्ध कराना।
b. सेवाएं उपलब्ध कराना।
c. ऐसी वस्तुएं और सेवाएं उत्पादित करना है जिनकी हमें आवश्यकता है।
d. उपरोक्त सभी।

**23. पालमपुर में कितना प्रतिशत लोग कृषि का काम करते हैं?**

a. 75 b. 80
c. 40 d. 100

**24. पालमपुर गांव में बरसात के मौसम में लोग क्या उगाते हैं?**

a. गेहूं एवं चना b. मक्का
c. ज्वार और बाजरा d. गेहूं और चावल

**25. आधुनिक कृषि विधि में कौन से बीजों का इस्तेमाल किया जाता है?**

a. HYS बीजों का b. HYV बीजों का
c. a और b दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

**26. एक साल में किसी भूमि पर एक से ज्यादा फसल उगाने की विधि को क्या कहते हैं?**

a. बहु विधि फसल प्रणाली।
b. अंतर्राष्ट्रीय फसल प्रणाली।
c. एकल फसल प्रणाली।
d. उपरोक्त सभी।

**27. पालमपुर गांव में कौन-कौन सी फसल उगाई जाती है?**

a. रबी फसल
b. खरीफ फसल
c. रबी और खरीफ फसल
d. इनमें से कोई नहीं।

**28. कृषि के आधुनिक तरीकों का सबसे पहले प्रयोग भारत के किन दो राज्यों में किया गया था?**

a. पंजाब और बिहार b. पंजाब और हरियाणा
c. असम d. कोलकाता

**29. पालमपुर गांव में यातायात का क्या साधन था?**

a. ट्रक b. बैलगाड़ी
c. भैंस बग्गी d. उपरोक्त सभी।

**30. पालमपुर गांव में किसान अपनी बचत का प्रयोग किन कार्यों में करते हैं?**

a. कृषि b. गैर कृषि
c. उपरोक्त दोनों d. इनमें से कोई नहीं।

**31. खरीफ फसल किस मौसम में होता है?**

a. गर्मी ऋतु b. वर्षा ऋतु
c. सर्दी ऋतु d. बसंत ऋतु

**32. उत्पादन की कितनी इकाइयां होती हैं?**

a. दो b. चार
c. पांच d. दस

**33. रबी फसल की अवधि क्या है?**

a. जून से अक्टूबर b. नवंबर से अप्रैल
c. अप्रैल से अगस्त d. इनमें से कोई नहीं।